नॉलेज पार्क-5 तक मेट्रो रूट को यूपी कैबिनेट से हरी झंडी जल्द

शासन ने पूछा था कि कहां से आएंगे पैसे, नोएडा-ग्रेनो प्राधिकरण ने भेजा जवाब- व्यावसायिक संपत्तियों को आवंटित कर जुटाएंगे धनराशि

अमर उजाला ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। नोएडा सेक्टर-71 से ग्रेनो वेस्ट के नॉलेज पार्क फाइव तक की मेट्रो की यूपी कैबिनेट से जल्द हरी झंडी मिल सकती है। इस रूट के फंड को लेकर शासन से पूछे गए सवाल का नोएडा और ग्रेनो प्राधिकरण ने जवाब भेज दिए हैं। इलेक्ट्रिकल और अन्य काम मौजूदा नोएडा-ग्रेनो मेट्रो की दर पर करने की योजना है। मेट्रो के इस रूट को बोर्ड से मंजूरी दिलाकर नोएडा और ग्रेनो प्राधिकरण ने शासन को प्रस्ताव भेज दिया है। वहां से सवाल पूछा गया कि इस रूट को बनाने में करीब 1521 करोड़ खर्च होंगे, ये पैसे कहां से आएंगे।

खर्च जुटाने का ब्योरा मांगा गया था। इस पर दोनों प्राधिकरण ने जवाब बनाकर भेजा है कि इस रूट पर स्थित व्यावसायिक संपत्तियों को आवंटित कर धनराशि जुटाई जाएगी। सूत्र बताते हैं कि जवाब मिलने के बाद प्रदेश सरकार से जल्द मंजूरी मिलने के आसार हैं।

1521

करोड़ रुपये होंगे इस रूट पर खर्च, पहले चरण में सेक्टर-71 से ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-2 तक मेट्रो प्रस्तावित

दरअसल, नोएडा सेक्टर-71 से ग्रेनो वेस्ट के नॉलेज पार्क फाइव तक मेट्रो की फिजिबिलिटी रिपोर्ट और डीपीआर पहले ही डीएमआरसी बना चुकी है। आबादी को देखते हुए दो चरणों में निर्माण होगा। पहले चरण में सेक्टर-71 से ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-2 तक मेट्रो प्रस्तावित की गई है। यह 9.155 किमी लंबा ट्रैक होगा। इस पर करीब 1521 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें ग्रेटर नोएडा को 235 करोड़ रुपये देने होंगे, बाकी करीब 1286 करोड़ नोएडा और भारत सरकार से प्राप्त होगी। पहले फेज में नोएडा सेक्टर-71 के बाद पहला स्टेशन सेक्टर-120 में बनेगा। इसके बाद सेक्टर-123, ग्रेनो वेस्ट का सेक्टर-4, सेक्टर-16 बी के बाद सेक्टर-दो आखिरी स्टेशन होगा। यह भी एलिवेटेड मेट्रो होगी और सेंट्रल वर्ज पर बनेगी। इसके बाद सेकेंड फेज के मेट्रो पर काम होगा। दूसरे चरण में नॉलेज पार्क फाइव तक होगा। उसके बनने पर इस रूट की कुल लंबाई 14.958 किमी हो जाएगी।